तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 11 जून 2026

4
सीएमएचओ ने दिए गर्भवती माताओं की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश





## खबर संक्षेप

### अंबिकापुर मेडिकल कालेज चढ़ा राजनीति की भेंट : वित्त मंत्री



रायगढ़। सरगुजा प्रवास के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने इशारों इशारों में भूपेश सरकार के कार्यकाल के दौरान चल रहे जय वीरू के झगड़े को लेकर तंज कसा। सत्ता पाने के बाद भी झगड़े का स्मरण कराते हुए मंत्री चौधरी ने कहा राजनीति में गुटीय लड़ाई की वजह से जनहित के काम प्रभावित नहीं होने चाहिए। सत्ता जनता की सेवा के लिए मिलती है, कुर्सी के झगड़े के लिए नहीं। ओपी चौधरी ने कहा कि भूपेश सरकार के दौरान पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव प्रदेश के उप मुख्यमंत्री भी रहे और वित्त विभाग मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास था। इसके बावजूद सरगुजा क्षेत्र को मेडिकल कॉलेज से वंचित रहना पड़ा। सरगुजा में मेडिकल कॉलेज आपसी खींचतान और झगड़े की भेंट चढ़ गया। ओपी चौधरी ने शालीनता पूर्वक कहा सरकार में कद्दावर नेता, शक्ति शाली मंत्री और विभागीय मंत्री होने के बाद भी मेडिकल कॉलेज नहीं बन पाना, क्षमता पर सवालिया निशान लगाता है। वित्त मंत्री ने कहा, श्राजनीति आम जनता की सेवा के लिए मिलती है। अगर सत्ता मिलने के बाद जनता के लिए काम नहीं किया जाएगा, तो सर आंखों पर बैठाने वाली जनता सत्ता से उतारने में देर नहीं करती। सरगुजा की जनता ने 5 साल इंतजार किया, पर मेडिकल कॉलेज का सपना सपना ही रह गया।

### अवैध कबाड़ परिवहन करते 20 टन लोहे का स्क्रैप जब्त



रायगढ़। 8 जून को पुसौर पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में लोहे का स्क्रैप जब्त किया गया। पुलिस टीम को सरिया-सारंगढ़ की ओर से ट्रक क्रमांक ओडी 05 वाई 1490 में अवैध लोहे का स्क्रैप लोड कर रायगढ़ की ओर परिवहन करने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने सूरजगढ़ पुल के पहले घेराबंदी कर उक्त ट्रक को रोककर जांच की। वाहन चालक रामा विश्कर्मा पिता स्व. राजाराम विश्कर्मा, उम्र 38 वर्ष निवासी नुआसाही थाना करंजिया, जिला मयूरभंज ओडिशा से पूछताछ करने पर उसने ट्रक में 20 टन 700 किलो लोहे का स्क्रैप होना बताया। पुलिस द्वारा स्क्रैप के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया गया, किन्तु चालक कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। जिससे चोरी की संपत्ति होने के संदेह में चालक एवं जप्त सामग्री को थाना लाकर धारा 35,1बी, कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान ट्रक क्रमांक ओडी 05 वाई 1490 में लोड 20 टन 700 किलो लोहे का स्क्रैप, अनुमानित कीमत 1 लाख 22 हजार और 12 चक्का ट्रक जब्त किया गया है।

### लंबित मांगों के निराकरण की मांग

रायगढ़। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया। संघ ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर अब तक निर्णय नहीं होने से प्रदेश के लाखों अधिकारी-कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञापन में बताया गया कि राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत किया गया है, लेकिन प्रदेश के लगभग 4.50 लाख कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है।

# किसान का जुनून प्राचीन और विलुप्त धान प्रजातियों का कर रहे संग्रहण व संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोई किसान खेती के प्रति इतना जुनूनी हो सकता है यह लैलूंगा ब्लॉक के वनांचल गांव खैरबहाल के किसान भवानी शंकर पंडा ने साबित कर दिया है। इनका जुनून है प्राचीन और विलुप्त धान प्रजातियों का संग्रहण और संरक्षण। वर्तमान में श्री पंडा ने 86 प्रजाति के धान का संग्रहण कर लिया है। भवानी पंडा ने बताया कि इस साल उनका टारगेट 100 तक पहुंचाने का है। लैलूंगा ब्लॉक के खैरबहाल गांव के रहने वाले भवानी शंकर पंडा ने बीते 2015 से विलुप्त धान प्रजातियों को ढूंढने का सिलसिला चालू हुआ था, जो अभी तक अनवरत चल रहा है। अब तक 86 ढूंढे प्रजाति तो ढूंढ चुके हैं, इस साल 100 तक पहुंचाने की उनकी कोशिश है। भवानी पंडा बताते हैं कि छग के अलग-अलग जिलों के अलावा ओड़िशा के गांव-गांव से विभिन्न प्रजातियों का कलेक्शन कर रहे हैं। जहां भी नया धान उनको दिखता है या जानकारी मिलती है वहां जाकर कम से कम एक किलो लेकर आते हैं और खेत में लगाकर उसका जनरेशन बढ़ाते हैं। कहीं एक दाना भी मिलता है तो भी उसे सुरक्षित रखते हैं और उसी को लगाकर संख्या बढ़ाते हैं।






## छग के अलग-अलग जिलों के अलावा ओड़िशा के गांव-गांव से कर रहे कलेक्शन

### 1000 का संजोया है सपना

भवानी पंडा बताते हैं उन्होंने 1000 धान प्रजातियों को संग्रहण और संरक्षण करने का सपना संजोया है। यह आज नहीं होगा, लेकिन कभी तो होगा। इसी जुनून और जोश के साथ श्री पंडा परंपरागत धान प्रजातियों को ढूंढने का काम कर रहे हैं।

### इन प्रजातियों का संग्रहण

अब तक भवानी शंकर पंडा 86 धान प्रजातियों का संग्रहित कर चुके हैं। इसमें सफरी धान, भालू दूबराज, केराफूल, तुलसी मंजरी, अविनाश, गुरमुटिया, लौंगफूल, रामजीरा, मिनीटाल, लंगड़ी, चूड़ामणी, तितर पांख, राधा तिलक, सांझा, कौआ पारबी, पार्वती, घोघरा, लालचा, पर्वतशाल, कलावती काला चावल, राम लक्ष्मण, रुपहाल, बिरहोली, मधुमालती, मुलांजलि, कोथबीर, दुधी, परिधान, तिल कस्तुरी, पर्वतमाला, काला ढोडा, करुणा समेत अन्य धान की प्रजातियां शामिल हैं।

## 269 खसरा आ रहा जद में, साढ़े 8 किमी बनेगा बाईपास फोरलेन सड़क

# 152 करोड़ में बनेगा तमनार बाईपास, शासन ने दी स्वीकृति, अधिग्रहण बनेगा रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लंबे समय से हो रही तमनार बाईपास निर्माण का रास्ता तो खुल गया है, लेकिन जमीन अधिग्रहण में काफी दिक्कत आने की बात कही जा रही है। करीब साढ़े 8 किमी बाईपास निर्माण में करीब 152 करोड़ लागत आएगी। इसमें पांच गांव के करीब 269 खसरा इसके जद में आ रहे हैं। भू अर्जन अधिकारी ने इन गांवों की जमीनों की खरीदी बिक्री पर रोक लगा दी है। यहां की जमीनों की खरीदी बिक्री अब नहीं होगी।

**खास बात**

- तमनार के पांच गांवों की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर लगी रोक

जिले के खजिन खनन प्रभावित तमनार क्षेत्र में लंबे समय से बायपास सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी। कई बार आंदोलन भी किया गया, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। अब जाकर इसकी स्वीकृति मिली है। शासन की ओर से तमनार बाईपास फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 152.49 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। यह निर्णय न केवल क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है, बल्कि विकास की गति को भी नई दिशा देता है। तमनार क्षेत्र में कोयला परिवहन के लिए भारी वाहनों का लगातार आवागमन होता है, जिससे स्थानीय नागरिकों को आए दिन सड़क दुर्घटनाओं और धूल-प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों द्वारा मांग की जा रही थी।



### 70 वीं बैठक में मिली स्वीकृति

बीते 27 मार्च को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की 70वीं बैठक में तमनार बायपास मार्ग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। विस्तृत परीक्षण और गहन चर्चा के बाद समिति ने 8.50 किलोमीटर लंबे इस बायपास मार्ग के निर्माण को मंजूरी दे दी।

### ऐसे होगा निर्माण

प्रस्तावित बायपास मार्ग का निर्माण फोर लेन के रूप में किया जाएगा। इसमें 2 वृहद पुल, 4 लघु पुल, आवश्यक पुल-पुलिया, रिटेनिंग वॉल, टो-वॉल तथा जल निकासी के लिए नालियों का प्रावधान शामिल है। बायपास मार्ग के निर्माण से भारी वाहनों का आवागमन आबादी क्षेत्र से बाहर डायवर्ट होगा, जिससे तमनार और आसपास के क्षेत्रों में यातायात अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित होगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी और धूल व प्रदूषण की समस्या से भी काफी हद तक राहत मिलेगी।

### 1120 नग गोगो रैपर के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। 9 जून की रात पुलिस टीम द्वारा रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को पकड़ा गया। पुलिस को नशे के रूप में उपयोग किए जाने वाले गोगो रैपर की बिक्री के लिए ग्राहकों की तलाश करने की सूचना मिली थी। संदेही सुरेन्द्र कुमार छाबड़ा 38 साल सिंधी कॉलोनी पक्की खोली चक्रधरनगर के कब्जे से दो कार्टूनों में 20 डिब्बों में कुल 1120 नग गोगो रैपर बरामद किए गए। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि उक्त गोगो रैपर के अंदर तंबाकू युक्त फ्लेवर या गांजा भरकर नशे के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। पूछताछ के दौरान संदेही ने बताया कि वह उक्त गोगो रैपर को तिल्दाए जिला रायपुर से लगभग 14 हजार 500 में खरीदकर रायगढ़ लाया था और शहर के विभिन्न पान ठेलों में चोरी छिपे बेचता था। अनावेदक सुरेन्द्र कुमार छाबड़ा के विरुद्ध थाना कोतवाली पुलिस द्वारा उसकी गतिविधियों को देखते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 170/123 एवं 135,क के तहत भी कार्रवाई सुनिश्चित की गई।

# स्टॉप डैम, नहर और तालाब निर्माण में अनियमितता का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सामाजिक संगठन रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ ने जल संसाधन विभाग द्वारा कराए गए तालाब, जलाशय, स्टॉप डैम और नहरों के जीर्णोद्धार एवं मरम्मत कार्यों में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने बरसात शुरू होने से पहले सभी कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

संगठन द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि रायगढ़ और पुसौर ब्लॉक में जल संसाधन विभाग के माध्यम से किए गए कई निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से घटिया निर्माण कराया गया है। शिकायत में कहा गया है कि कई स्थानों पर निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गयाए गुणवत्ता विहीन सामग्री का उपयोग किया गया तथा सरकारी राशि का दुरुपयोग हुआ है। शिकायत में रायगढ़ ब्लॉक के कोयलंगा स्टॉप डैम एवं नहर कार्य, बेलरिया स्टॉप डैम और एनीकट निर्माण कार्य में अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नहरों की खुदाई और निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किए गए, जिसके कारण कई स्थानों पर नहरें धंस गई हैं और कार्य केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। इसी प्रकार पुसौर ब्लॉक के बड़े हरदी तालाब, सिंघा जलाशयए भांसटार तालाब, बाघडोला जलाशय तथा बासनपाली जलाशय के जीर्णोद्धार और मरम्मत कार्यों में भी गंभीर गड़बड़ियों का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन के अनुसार इन परियोजनाओं में करोड़ों रुपए खर्च किए गए, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है और कई स्थानों पर पुराने पत्थरों एवं घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है।



### डीईओ श्री राव का तबादला पाली बीईओ श्यामानंद बने प्रभारी डीईओ

रायगढ़। खराब परिणाम को लेकर चर्चा में आए रायगढ़ डीईओ डॉ के वेंकट राव को आखिरकार यहां से हटा दिया गया है। उनके बदले कोरबा जिले के पाली बीईओ कार्यालय में पदस्थ प्राचार्य श्यामानंद साहू को रायगढ़ का प्रभारी डीईओ बनाया गया है। इस आशय का आदेश बुधवार को देर शाम स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी की गई है। इस साल जिले में 10-12 वीं का परीक्षा परिणाम कुछ खास नहीं रहा। इसकी समीक्षा स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से की गई। इसके बाद से रायगढ़ डीईओ डॉ के वेंकट राव के तबादले को लेकर कयास लगाया जा रहा था। हालांकि उनके तबादले का दूसरा कारण भी है। ऐसे में श्री राव का तबादला लगभग तय माना जा रहा था। आखिरकार जो कयास लगाया जा रहा था उस पर मुहर लग गई है। श्री राव को दुर्ग संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय में प्रभारी उप संचालक बनाया गया है।

# वर्दी वाली फर्जी फोटो दिखाकर किया दुष्कर्म बनाया वीडियो फिर किया ब्लैकमेलिंग, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस की वर्दी वाली फर्जी फोटो दिखाया और लड़की को झांसे में लिया। इसके बाद बहला-फुसला कर दुष्कर्म किया और अश्लील फोटो लेकर वीडियो भी बना लिया। इसके बाद लड़की को ब्लैकमेल करने लगा । युवती ने चक्रधर नगर थाने में इसकी शिकायत की।

सिक्युरिटी गार्ड का काम करने वाले अक्षय कुमार कुम्हरानी निवासी बिलासपुर ने रायगढ़ की महिला को झांसे में लेकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और उसके अंतरंग फोटो वीडियो इंस्टाग्राम में अपलोड भी कर दी। पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी अक्षय कुम्हारानी उसे पुलिस में जॉब करने की बात कहकर अपनी वर्दीवाली फोटो दिखाकर विश्वास में लिया था। जबकि वह वर्दी सिक्योरिटी गार्ड की थी, जब वह गार्ड की नौकरी करता था। चक्रधरनगर पुलिस ने महिला संबंधी अपराध में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियान संवेदना के तहत कल आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 वर्षीय महिला ने 28 मई को थाना चक्रधरनगर में आवेदन देकर बताया कि मार्च 2026 में कोरबा एक धार्मिक कार्यक्रम में गए हुए थे, जहां कोरबा रेलवे स्टेशन में उसकी मुलाकात बिलासपुर निवासी अक्षय कुमार कुम्हरानी से हुई थी। आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर लेकर बातचीत शुरू की और स्वयं को पुलिस विभाग में कार्यरत बताते हुए वर्दीधारी तस्वीरें साझा कर उससे विवाह करने की इच्छा जताई। महिला ने बताया कि अक्षय को उसके गांव में अकेले रहने की जानकारी हुई तो आरोपी उसके गांव पहुंचा और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किया। इसी दौरान आरोपी ने महिला की जानकारी के बिना मोबाइल फोन से उसके अंतरंग फोटो और वीडियो बना लिए। पीड़िता ने बताया कि 07 मई को वह अपनी मां के उपचार के लिए रायपुर स्थित मेकाहारा अस्पताल गई थी। वहां आरोपी भी पहुंचा और उसे घूमाने के बहाने अपने साथ ले गया। इसी दौरान उसने महिला को उसके अश्लील फोटो वीडियो अपने पास होने की जानकारी देते हुए संबंध बनाए रखने का दबाव बनाया और विरोध करने पर उन्हें वायरल करने की धमकी दी। महिला ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी ने 27 मई को उसके अश्लील फोटो एवं वीडियो इंस्टाग्राम और फेसबुक पर अपलोड कर दिया। इसके अलावा व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के माध्यम से अश्लील संदेश भेजकर जान से मारने की धमकी देते हुए लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में धारा 69, 296, 351,3 भारतीय न्याय संहिता तथा धारा 66.ई, 67 एवं 67. आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन किया खत्म

# खाद और किसानों को डिब्बे में डीजल देने की मांग, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

किसानों ने रासायनिक खाद की पर्याप्त आपूर्ति और पेट्रोल पंपों पर किसानों को डिब्बे में डीजल देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। किसानों के धरना प्रदर्शन की जानकारी पाकर एसडीएम डॉक्टर वर्षा बंसल किसानों के बीच पहुंचे और किसानों से चर्चा उपरांत रासायनिक खाद की मात्रा बढ़ाई गई तथा डीजल के संबंध में आश्वासन देने के बाद किसानों ने अपना आंदोलन खत्म किया।

तहसील मुख्यालय सरिया में आंचलिक किसान संघ सरिया के द्वारा रासायनिक खाद यूरिया एवं डीएपी के मांग को लेकर तथा पेट्रोल पंपों में किसानों को कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टरों के लिए डिब्बे में डीजल देने की मांग की गई। धरना प्रदर्शन बुधवार सुबह 12 बजे प्रारंभ किया गया और शाम 4 बजे एसडीएम सारंगढ़ डॉक्टर वर्षा बंसल के पहुंचने पर किसानों को रासायनिक खाद की मात्रा बढ़ाकर वितरण किए जाने के आदेश करने तथा किसानों को कृषि कार्य के लिए डिब्बे में डीजल देने के संबंध में आश्वासन देने के बाद किसानों ने अपना आंदोलन खत्म किया। किसानों ने बताया कि दो सूत्रीय मांगों के तहत एसडीएम सारंगढ़ को अपनी सारी समस्या बताने के बाद दो बोरा यूरिया एवं दो बोरा डीएपी की मांग की गई। जिस पर एसडीएम ने किसानों को आश्वासन देते हुए कर्मचारियों को आदेशित किया कि किसानों को दो बोरी यूरिया एवं एक बोरा डीएपी खाद वितरण किया जाए तथा कृषि कार्य ट्रैक्टर चलाने के लिए किसानों को पेट्रोल पंपों से डिब्बा में भी डीजल देने के संबंध में कलेक्टर से चर्चा कर उचित व्यवस्था किए जाने का आश्वासन दिया।





### किसानों को हो रहा आर्थिक नुकसान

किसानों ने बताया कि किसान 5 से 15 किलो मीटर दूर गांव से ट्रैक्टर लेकर यदि पेट्रोल पंप पहुंचता है तो उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ.साथ समय की भी नुकसान हो रहा है। इस समस्या को लेकर किसानों ने प्रशासन से फरियाद लगाया । सरिया, बरमकेला क्षेत्र में सबसे ज्यादा दिक्कत है। ऐसे हालात में किसानों ने प्रदर्शन किया तो कुछ राहत मिलने की बात कही जा रही है।

## खबर संक्षेप

### बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम), रायपुर द्वारा 11 जून 2026 को बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा-2026 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षाओं को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए, जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्र क्रमांक 1901 से 1912 तक पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है।

### 22 को लगेगी महिला आयोग की न्यायपीठ

महिला उत्पीड़न से संबंधित 11 प्रकरणों की होगी सुनवाई

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित जशपुर जिले के प्रकरणों की सुनवाई के लिए 22 जून को न्यायपीठ का आयोजन किया जाएगा। आयोग की गठित न्यायपीठ द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई कर संबंधित पक्षों को न्याय दिलाने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनवाई 22 जून 2026 को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान महिला उत्पीड़न से संबंधित कुल 11 प्रकरणों की सुनवाई निर्धारित की गई है। सुनवाई आयोग की अध्यक्ष डॉ. श्रीमती किरणमयी नायक एवं सदस्य प्रियम्वदा सिंह जूदेव की उपस्थिति में की जाएगी। आयोग द्वारा प्रकरणों के दोनों पक्षों को सुनकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं कार्यवाही की जाएगी। राज्य महिला आयोग ने संबंधित पक्षकारों से निर्धारित तिथि एवं समय पर सुनवाई में उपस्थित होकर अपने पक्ष प्रस्तुत करने की अपील की है, ताकि प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

### भृत्य से सहायक ग्रेड 3 पद पर पदोन्नत हुए कर्मचारियों



**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन की पहल से शिक्षा विभाग संवर्ग टी एवं ई अंतर्गत लंबे समय से भृत्य के पद पर सेवारत कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत कर्मचारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर अभिषेक कुमार 08 जून 2026 को पदोन्नति आदेश वितरित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि कलेक्टर रोहित व्यास जशपुर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देशानुसार निर्धारित समय-सीमा में पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण की गई है। भृत्य संवर्ग के कर्मचारी काफी लंबे समय से पदोन्नति से वंचित थे। संवर्ग टी अंतर्गत 29 एवं संवर्ग ई अंतर्गत कुल 4 पदों पर पदोन्नति की गई है।

### जिले में 33.1 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 144.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 जून तक सामान्य औसत वर्षा 172.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 33.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 7.4 मिमी, मनोरा में 22.2 मिमी, कुनकुरी में 18.2 मिमी, दुलदुला में 1.5 मिमी, फरसाबहार में 18.4 मिमी, बगीचा में 14.7 मिमी, कांसाबेल में 36.2 मिमी, पत्थलगांव में 14.9 मिमी, सन्ना में 11.1 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है।

### ओपीएस के देवेन्द्र एवं आर्यन को जापान से मिली ब्लैक बेल्ट की उपाधि

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 9वीं के देवेन्द्र कुमार आ.बृजमोहन भगत एवं आर्यन चौबे आ.दुर्गा चौबे को विश्व समुराई महासंघ, जापान द्वारा ब्लैक बेलट की प्रथम डिग्री से सम्मानित किया गया है। इसके लिए 31 मई को आंध्रप्रदेश के गुन्टूर जिले में अखिल भारतीय समुराई महासंघ द्वारा अंतर्राजीय ब्लैक बेल्ट सेमिनार एवं परीक्षा का आयोजन किया गया था।

## झारखंड से अंबिकापुर तक फैला था नेटवर्क

# 12 सौ से ज्यादा नशीले इंजेक्शन के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर पुलिस को नशे के खिलाफ अभियान में बड़ी सफलता मिली है। झारखंड से जशपुर होते हुए अंबिकापुर ले जाए जा रहे भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1200 से अधिक नशीले इंजेक्शन, कार, मोटरसाइकिल, मोबाइल और नकदी समेत लगभग 3 लाख 98 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है।

■ पुलिस मितान की मदद से जंगल में घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

मामला जशपुर सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। 9 जून की रात पुलिस गश्त के दौरान सारूडीह रोड पर एक संदिग्ध कार को देखकर सतर्क हुई। पुलिस को देखते ही कार सवार जंगल की ओर भागने लगे। पीछा करने पर आरोपी कार छोड़कर ग्राम हाथीसार (किनकेल) के जंगल में छिप गए।पुलिस मितान टीम की मदद से जंगल में घेराबंदी की गई और कड़ी मशक्कत के बाद तीन आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

कार की तलाशी के दौरान पुलिस ने रेक्सोजेसिक बुप्रेनरफिन इंजेक्शन और एविल इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद की। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि नशीले इंजेक्शन झारखंड के गुमला जिले के तिगरा निवासी मो. शमशेर खान उम्र 48 वर्ष से खरीदे गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शमशेर खान को भी गिरफ्तार कर लिया। वहीं घटना के बाद फरार चल रहे अरूण राम उम्र 29 वर्ष, निवासी सुभाष नगर अंबिकापुर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस मितान के सहयोग से यह बड़ी सफलता

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह ने कहा कि पुलिस मितान के सहयोग से यह बड़ी सफलता मिली है और जिले में नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नशे के खिलाफ जशपुर पुलिस की बड़ी चोट

जशपुर पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में नशे के नेटवर्क पर बड़ी चोट माना जा रहा है। पुलिस अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों में दीपक लकड़ा उम्र 32 वर्ष, निवासी सिंगीटाना थाना लखनपुर जिला सरगुजा, अमन सिंह उम्र 30 वर्ष, निवासी विशुनपुर अंबिकापुर, और आलोक साय उम्र 29 वर्ष, निवासी भगवानपुर चौक गांधीनगर अंबिकापुर शामिल हैं।

### इन समानों को पुलिस ने किया जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 865 एमएल रेक्सोजेसिक इंजेक्शन, 1200 शीशी एविल इंजेक्शन, एक कार, एक मोटरसाइकिल, चार मोबाइल और 6500 रुपये नकद जब्त किए हैं।सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21(ग) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

## हवा में उछली कार, तीन पलटियां खाकर खेत में गिरी



**जशपुरनगर।** चराईडांड़- बतौली स्टेट हाईवे मार्ग पर बुधवार को एक ऐसा हादसा हुआ, जिसे देखकर मौके पर मौजूद लोगों की सांसें थम गईं। नारायणपुर के कपरिनाला मोड़ के पास तेज रफ्तार से दौड़ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क से उछलते हुए खेत में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार सड़क छोड़ने के बाद करीब तीन फीट तक हवा में उछली और फिर दो से तीन बार पलटते हुए खेत में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए, लेकिन चमत्कारिक रूप से चालक की जान बच गई और उसे केवल हल्की चोटें आईं।

■ वाहन से निकलने लगा धुआं चमत्कारिक रूप से बचा चालक

घटना के समय स्टेट हाईवे पर सामान्य आवागमन जारी था। अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी और लोगों की नजरें सड़क की ओर दौड़ पड़ीं। देखते ही देखते एक कार सड़क से नीचे खेत में पलटती नजर आई।

# प्रभारी सचिव ने मातृत्व वन में किया पौधरोपण

**जशपुरनगर।** जिले के प्रभारी सचिव अंकित आनंद ने अपने जशपुर प्रवास के दौरान 8 जून को जशपुर मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस परिसर में विकसित मातृत्व वन में 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान के अंतर्गत अपनी माता के सम्मान में लक्ष्मीतरु का पौधा रोपित किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम'अभियान केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं है, बल्कि यह माताओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भावनात्मक माध्यम भी है। यह अभियान आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, एसडीओ वन विभाग करण सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि सर्किट हाउस परिसर में लगभग 2 एकड़ क्षेत्र में विकसित मातृत्व वन में 400 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। यह वन पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनाओं के समन्वय का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

# सत्र प्रारंभ होने के पूर्व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से संवारे जा रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

जिला कलेक्टर द्वारा सभी विद्यालयों एवं छात्रावासों को शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व साफ- सफाई करने का निर्देश दिया गया है। इसी के परिपालन में 10 जून को हायर सेकेंडरी स्कूल एवं छात्रावास लुड़ेग का सफाई कार्य जनप्रतिनिधि मनीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रदीप चौहान शाला विकास समिति अध्यक्ष, शिक्षा समिति के सदस्य ललित खुंटिया, कुमारी कमला नाग, भारती शर्मा, सरपंच, पंच, विकासखंड के स्रोत समन्वयक जगरनाथ पाढ़ी, दिलीप चौहान सेवानिवृत्त प्राचार्य संकुल प्रभारी, शशिकला पैकरा, संकुल समन्वयक बली साय नागवंशी, मंडल संयोजक, छात्रावास



अधीक्षक घनश्याम यादव एवं संकुल की सभी शालाओं के संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों की उपस्थिति किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधि द्वारा समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि मनीष अग्रवाल ने कहा कि सभी शिक्षक समय में अपना कर्तव्य निर्वहन करें। विद्यालयीन गतिविधियों पर पूरा फोकस करें एवं विद्यालय में शाला प्रबंधन समितियों की प्रतिमाह बैठक आयोजन करें।

सेवानिवृत्त प्राचार्य दिलीप चौहान ने कहा कि जब सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों पर खरे उतरेंगे तो विद्यालय के आधारभूत सुविधा के साथ-साथ बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगी। प्रत्येक संस्था प्रमुख को यह निर्देश दिए की विद्यालयों में शाला प्रबंधन समिति का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्हें हमेशा बैठक बुलाकर प्रत्येक कार्यों का कार्य योजना बनाएं। साथ हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य शशि कला पैकरा को 10वीं एवं 12वीं अच्छे रिजल्ट आने की बधाई दी गई।

हायर सेकेंडरी लुड़ेग के शाला प्रबंधन अध्यक्ष प्रदीप चौहान ने विद्यालय में स्वच्छता, शिक्षा गुणवत्ता, बच्चों का नियमित उपस्थिति, शिक्षकों का नियमित उपस्थिति,6 से 14 वर्ष के सभी बच्चे प्रवेशित हो शाला प्रबंधन समिति की बैठक नियमित हो इस पर फोकस डाला गया।

# 35 सौ पदों पर होगी भर्ती, दो वर्षीय अनुबंध पर मिलेगी नौकरी

**जशपुरनगर।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए विदेश में रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। जिला रोजगार अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार इजराइल में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों की देखभाल के लिए 35 सौ पदों पर भर्ती की जा रही है।

■ लगभग 2 लाख रुपये प्रतिमाह तक का वेतन

चयनित अभ्यर्थियों को दो वर्ष की अनुबंध अवधि के लिए रोजगार प्रदान किया जाएगा तथा अनुबंध का नवीनीकरण भी संभव होगा। भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। उम्मीदवार को बेसिक अंग्रेजी का ज्ञान, न्यूनतम तीन वर्ष का वैध पासपोर्ट, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। न्यूनतम लंबाई 1.5 मीटर तथा वजन 45 किलोग्राम निर्धारित किया गया है। साथ ही अभ्यर्थी ने पूर्व में इजराइल में कार्य नहीं किया हो। वांछनीय योग्यताओं में जीडीए (जनरल ड्यूटी असिस्टेंट), एएनएम, जीएनएम, बीएससी. नर्सिंग, पोस्ट बीएससी नर्सिंग, फिजियोथेरेपी तथा नर्स असिस्टेंट मिडवाइफरी शामिल हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 6443.85 एनआईएस लगभग दो लाख रुपये प्रतिमाह का सकल वेतन मिलेगा। वेतन से मेडिकल, आवास, भोजन एवं अन्य निर्धारित मदों की कटौतियां की जाएंगी। कर्मचारियों को आवास, भोजन, मेडिकल इंश्योरेंस, 9 राष्ट्रीय अवकाश, 16 दिन का वार्षिक अवकाश तथा सप्ताह में 6 कार्य दिवस की सुविधा मिलेगी। कार्य की जिम्मेदारियों में वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों की देखभाल, नहलाना, कपड़े बदलना, भोजन बनाना एवं खिलाना, दवा देना, बाहर ले जाना, खरीदारी करना तथा अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करना शामिल है। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत एनएसडीसी पंजीयन, मेडिकल जांच, पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट, पासपोर्ट शुल्क, वीडियो इंटरव्यू शुल्क, वीजा शुल्क, फ्लाइट टिकट तथा अन्य निर्धारित शुल्क देय होंगे।

# महिला स्व-सहायता समूहों को मिलेगा बैंक ऋण का बड़ा अवसर

**जशपुरनगर।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जनपद पंचायत कुनकुरी एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तहत 16 जून 2026 को जनपद पंचायत परिसर कुनकुरी में विशेष ऋण एवं बैंक लिंकेज मेले का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूहों के लंबित ऋण प्रकरणों का निराकरण कर उन्हें स्वरोजगार और आजीविका गतिविधियों के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।



■ 16 जून को कुनकुरी जनपद परिसर में लगेगा विशेष ऋण एवं बैंक लिंकेज मेला

जनपद पंचायत कुनकुरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र जारी कर कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से शामिल होने तथा सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र के अनुसार बैंक अधिकारियों को अपने यहां लंबित ऋण प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रिया में लाने और ऋण मेले से पहले सभी मामलों का सत्यापन सुनिश्चित करने कहा गया है। इस विशेष आयोजन मे भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सहित अन्य बैंक शाखाओं की भागीदारी रहेगी। सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला स्व-सहायता समूहों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

### महिला समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी

बिहान योजना के तहत गठित महिला समूह आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी बन चुके हैं। बैंक ऋण मिलने से ये समूह कृषि, पशुपालन, लघु उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई तथा अन्य आय वर्धक गतिविधियों को विस्तार दे सकेंगे। इससे न केवल महिलाओं की आय बढ़ेगी बल्कि गांवों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### व्यवसायिक सपनों को नई उड़ान देने का बड़ा अवसर

प्रशासन को उम्मीद है कि यह ऋण मेला महिला स्व-सहायता समूहों की वित्तीय पहुंच बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। ग्रामीण महिलाओं के लिए यह आयोजन बैंकिंग सुविधाओं से सीधे जुड़ने और अपने व्यवसायिक सपनों को नई उड़ान देने का बड़ा अवसर। माना जा रहा है।

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना में जशपुर मॉडल की हुई सराहना



**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जशपुर जिले में किए जा रहे नवाचारों, कृषि विकास कार्यों एवं किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भारत सरकार द्वारा सराहना की गई है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव तथा प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के केंद्रीय नोडल अधिकारी पी अंबलगन (आईएएस) ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले की विस्तृत समीक्षा करते हुए जशपुर मॉडल को प्रभावी एवं किसान हितैषी बताया।

■ कृषकों की आय बढ़ाने, जल संरक्षण और खरीफ तैयारियों पर विशेष जोर

समीक्षा बैठक में वर्ष 2025-26 की उपलब्धियों एवं वर्ष 2026-27 के लिए तैयार की गई कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा कृषि क्षेत्र के समग्र विकास और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से तैयार की गई कार्ययोजना में सुगंधित एवं औषधीय फसलों के क्लस्टर विकास, संविदा खेती को बढ़ावा, जीराफूल धान के रकबे में विस्तार, निर्यात योग्य धान क्लस्टर निर्माण, सामुदायिक बीज बैंक की स्थापना, ड्रोन आधारित कृषि सेवाएं, कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन तथा बेहतर विपणन व्यवस्था को प्रमुखता दी गई है। समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अभिषेक कुमार, उप संचालक कृषि श्री एम.आर. भगत सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे। बैठक में खरीफ सीजन 2026-27 की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में किसानों के लिए बीज एवं उर्वरकों के पर्याप्त भंडारण एवं वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। संभावित एल-नीनो परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए किसानों को अल्प अवधि वाली धान किस्मों के साथ-साथ मोटे अनाज, दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि विपरीत मौसम की स्थिति में भी उत्पादन प्रभावित न हो। समीक्षा के दौरान जल संचय जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन कार्यों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। संयुक्त सचिव श्री अंबलगन ने विभिन्न विभागों के समन्वय से किए जा रहे जल संरक्षण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास कृषि क्षेत्र को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करेंगे और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता एवं ग्रामीण विकास विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रीकरण, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के सशक्तिकरण, मूल्य संवर्धन एवं बाजार संपर्क गतिविधियों को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया।

### जिले में चल रहे नवाचारों की प्रशंसा

संयुक्त सचिव ने कहा कि किसानों की आय में स्थायी वृद्धि के लिए केवल उत्पादन बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि कृषि आधारित उद्यमिता, आधुनिक तकनीक, प्रसंस्करण और विपणन को भी समान रूप से बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने जिले में चल रहे नवाचारों की प्रशंसा करते हुए आगामी कार्ययोजना को निर्धारित समय-सीमा में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत पर प्रशासन की त्वरित कार्रवाई

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशन में जिले में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण के मामलों पर सतत निगरानी रखते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड वाड्रफनगर अंतर्गत ग्राम महेवा स्थित खसरा क्रमांक 2 की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किए जाने संबंधी प्राप्त शिकायत पर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई है। प्राप्त शिकायत को समय-सीमा के अंतर्गत दर्ज करते हुए प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार संबंधित सरपंच को छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत नोटिस जारी कर निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में प्राप्त जवाब एवं उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण उपरांत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। वाड्रफनगर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नीर निधि नंदेहा के नेतृत्व में तहसीलदार रघुनाथनगर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम महेवा पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शासकीय भूमि का सत्यापन करते हुए आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखकर भूमि पर लाल झंडी लगाकर सीमांकन एवं चिन्हांकन की कार्रवाई की गई, ताकि भूमि पर किसी प्रकार का नया अतिक्रमण अथवा अवैध कृषि गतिविधि न हो सके।

## एक कॉल में दर्ज होगी शिकायत

# यदि किसी समस्या का नहीं हो रहा समाधान, डायल करें 1076

**जशपुरनगर।** प्रदेशवासियों को उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली 1076 का शुभारंभ किया। अब प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगा, सुझाव दे सकेगा तथा शासन की योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में अपना फीडबैक भी साझा कर सकेगा। शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक की आवाज सुनी जाए और उसकी समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन को व्हाट्सएप प्लेटफॉर्म से भी जोड़ा गया है, जिससे नागरिक अपने मोबाइल के माध्यम से आसानी से शासन तक अपनी बात पहुंचा सकेंगे। हेल्पलाइन से राज्य शासन के 42 विभागों के लगभग 8 हजार अधिकारी जुड़े हुए हैं और 1195 से अधिक श्रेणियों में शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था की गई है। इस प्रणाली की विशेषता यह है कि प्रत्येक शिकायत को एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता अपने आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेगा। यदि किसी आवेदक को प्राप्त समाधान से संतोष नहीं होगा तो शिकायत स्वतः उच्च अधिकारियों के पास पुनः परीक्षण और जांच के लिए भेज दी जाएगी। इससे शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह निराकरण को सुनिश्चित किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 चौबीसों घंटे और सप्ताह के सातों दिन संचालित रहेगी। इसके संचालन के लिए तीन पालियों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। सचिव स्तर के अधिकारी डैशबोर्ड के माध्यम से इसकी नियमित निगरानी करेंगे तथा मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा भी इसकी सतत मॉनिटरिंग की जाएगी।

CM हेल्पलाइन 1076 समस्या तुंहर, समाधान हमर

■ फोन करके अपनी समस्याओं को सीधे पहुंचाए सरकार तक

### प्राथमिकता से लें शिकायतों को: कलेक्टर

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के शुभारंभ के बाद कलेक्टर रोहित व्यास ने जिले के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गंभीरता, संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान है। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर उसका प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं शिकायत प्रबंधन प्रणाली राज्य के सभी विभागों को एकीकृत रूप से जोड़ने वाली आधुनिक व्यवस्था है। ब्लॉक स्तर से लेकर राज्य स्तर तक बहु-स्तरीय निगरानी और एस्केलेशन प्रणाली के माध्यम से शिकायतों के निराकरण की सतत समीक्षा की जाएगी। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिलेगा।



## धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style



# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई है। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।

हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।




## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज


**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला



## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

# राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

***नई दिल्ली।** राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कहीं कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### प्री बीएड एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आज

**रायगढ़।** व्यापमं द्वारा प्री बीएड प्रवेश परीक्षा एवं बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा का आयोजन 11 जून को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्री बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में 17 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है, जिसमें 4351 अभ्यर्थी तथा बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए 5 केन्द्र बनाए गए है जिसमें 1448 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों में आबंटित एक पुरूष एवं महिला पुलिस कर्मी से फ्रिस्किग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिसकिंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा।
परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व पहुंचे ताकि उनका फ्रिसकिंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व प्रातः 9.30 बजे परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बाह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आए। कालेए गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग का कपड़े पहनना वर्जित होगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति होगी। फुटवियर के रुप में केवल चप्पल पहने। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। परीक्षा प्रारंभ होने के पहले आधा घंटा में एवं परीक्षा समाप्ति के आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्टए टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है। प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट ले और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी।

### नाली निर्माण कर बड़े नाला में जोड़ने की मांग

**खरसिया।** खंती गड्ढे के समतलीकरण एवं गड्ढे के चारों ओर नाली निर्माण कर बड़े नाला में जोड़ने की मांग को लेकर वार्ड क्रमांक 10 के लोगों ने एसडीएमत को ज्ञापन सौंपा है। एसडीएम को 10 जून को दिए गए आवेदन में लोगों ने कहा है कि नगरपालिका खरसिया क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्र. 10 में खंती गड्ढा है, जिसमें नाला का पानी जा रहा है। उक्त खंती गड्ढे के चारो ओर आबादी घेषित है जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान निर्मित है जिसमें हम मोहल्लेवासी निवासरत है। कई वर्ष से गड्ढा होने से घरों का पानी भी खंती गढ्ढे में जा रहा है जिससे दलदल बन गया है और जहरीले साँप एवं बिच्छु निकल रहें है, जिससे हम मोहल्लेवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। उक्त गड्ढे में पानी भरे होने से आस पास में महामारी जैसे घातक बीमारी फैलती है एवं बारिस के समय उक्त गढ्ढे का पानी चंदन तालाब में जाता है जिससे पूरा तालाब का पानी गंदा हो जाता है। जिस हेतु खंती गढ्ढे को समतलीकरण करने एवं गड्ढे के चारो ओर नाली निर्माण कर बड़े नाला से जोड़ने की आवश्यकता है। वार्ड क्र. 10 स्थित खंती गड्ढे को समतलीकरण करते हुए गड्ढे के चारो ओर नाली निर्माण कर बड़े नाला से जोड़ने करने की कृपा करेंगे।

## निधन...

### दैत्यारी मेहर



**पुसौर।** पड़िगांव के निवासी समाजसेवी एवं बुनकर सोसायटी के संस्थापक दैत्यारी मेहर का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन से पुसौर क्षेत्र खासकर भोलिया समाज और बुनकर समुदाय को अपूरणीय क्षति हुई है। ये तीक्ष्ण बुद्धि और सरल व्यवहार के धनी थे दैत्यारी मेहर किसी परिचय के मोहताज नहीं थे। अपनी कुशाग्र बुद्धि कर्मठ कार्यशैली और मिलनसार व्यवहार के कारण वे क्षेत्र के हर वर्ग में लोकप्रिय थे। शायद इसी वजह से तत्कालीन समय के राजनेता भी उन्हें अपने खेमे में रखने के लिए उनके इर्द गिर्द घूमा करते थे।

## हाउस होल्ड सर्वे के लिए समय-सीमा निर्धारित

# 56 गांवों के 800 बिरहोर और पहाड़ी कोरवा परिवारों को योजनाओं से जोड़ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को राज्य शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के विकास, हाउस होल्ड सर्वे की तैयारियों, खरीफ सीजन की तैयारियों तथा किसानों के लिए उर्वरकों की उपलब्धता सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि राज्य शासन द्वारा विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से विशेष प्रकोष्ठों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया है। इसके तहत पूर्व में गठित विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर विकास प्रकोष्ठ के क्षेत्राधिकार का पुनर्परिसीमन करते हुए विशेष रूप से कमजोर जनजाति बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा विकास प्रकोष्ठ, धरमजयगढ़ का पुनर्गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि परियोजना प्रशासक, एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना धरमजयगढ़ को प्रकोष्ठ का प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। पुनर्गठित प्रकोष्ठ के अंतर्गत बिरहोर जनजाति के 26 ग्रामों के 243 परिवार तथा पहाड़ी कोरवा जनजाति के 28 ग्रामों के 556 परिवार शामिल किए गए हैं। इस प्रकार कुल 56 ग्रामों के 799 परिवारों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और विकास कार्यक्रमों से लाभान्वित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।




बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

### खाद की समीक्षा

कलेक्टर ने खरीफ सीजन की तैयारियों की समीक्षा की। कृषि उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में जिला सहकारी बैंक के डबल लॉक केंद्रों में 4 हजार 543 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण उपलब्ध है। वहीं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 11 हजार 81 मीट्रिक टन उर्वरक सुरक्षित रखे गए हैं। इस प्रकार जिले में कुल 15 हजार 624 मीट्रिक टन उर्वरकों का उपलब्ध स्टॉक किसानों की जरूरतों की पूर्ति के लिए उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन के दौरान अब तक किसानों को 7 हजार 582 एमटी खाद का वितरण किया जा चुका है।

### सर्वेक्षण दलों का होगा गठन

सहायक आयुक्त ने बताया कि भारत सरकारए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा पीवीटीजी हाउसहोल्ड डाटा कैप्चर एवं पीवीटीजी एंटाइटलमेंट कार्ड सर्वेक्षण के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत जिला, अनुविभाग एवं ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों एवं सर्वेक्षण दलों का गठन किया जा रहा है। ग्राम स्तरीय सर्वेक्षण दलों का प्रशिक्षण 15 एवं 16 जून को आयोजित किया जाएगा तथा 17 जून से 3 जुलाई तक मोबाइल एप के माध्यम से परिवार सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत सर्वे प्रपत्रों का परीक्षण एवं अनुमोदन की कार्यवाही निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने कर्मचारियों का अटैचमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

हाल ही में जारी सभी प्रशासनिक आदेश पूरी तरह नियम सम्मत, पारदर्शी एवं जनहित को ध्यान में रखकर जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार वैष्णव ने कहा कि कर्मचारियों के अटैचमेंट एवं पदस्थापना संबंधी निर्णय किसी व्यक्ति विशेष को लाभ या हानि पहुंचाने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध मानव संसाधनों के संतुलित उपयोग और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए किए गए हैं विभाग के अनुसार कुछ स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यभार अधिक होने तथा कुछ स्थानों पर कर्मचारियों की कमी को देखते हुए आवश्यक प्रशासनिक पुनर्व्यवस्था की गई हैए ताकि मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

आदेश जारी करने से पूर्व संस्थागत आवश्यकताओं, सेवा उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन की स्थिति का परीक्षण किया गया था।




स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि हालिया प्रशासनिक आदेशों के बाद कई स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाओं की उपलब्धता और कार्य व्यवस्था में सुधार देखने को मिला है। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए समय समय पर मानव संसाधनों का पुनर्संतुलन आवश्यक प्रक्रिया है। सीएमएचओ डॉ वैष्णव ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रशासनिक निर्णय आगे भी लिए जाते रहेंगे। सभी आदेश नियमों के अनुरूप एवं जनता के हित में हैं।

# सुशासन तिहार पर उठे सवाल, रविदास मोहल्ला को पानी से वंचित रखने का आरोप

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड क्रमांक 10 स्थित रविदास मोहल्ला में पेयजल संकट फिर गहरा गया है। इसे लेकर एक बार फिर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मोहल्लावासियों एवं सर्व रविदास समाज का आरोप है कि फरवरी 2024 में खुदाई किए गए बोर स्थल पर पर्याप्त पानी मिलने के बावजूद दो वर्षों से हैंडपंप अथवा बोर स्थापित नहीं की गई, जिससे भीषण गर्मी में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार 2025 के दौरान 8 अप्रैल 2025 को नगर पंचायत में आवेदन प्रस्तुत कर उक्त स्थल पर हैंडपंप लगाने की मांग की गई थी। आरोप है कि नगर पंचायत के सीएमओ सुशील चौधरी ने बीते 9 मई 2025 को संबंधित बोर में पानी नहीं होने का हवाला देते हुए आवेदन निराकृत कर दिया। जबकि स्थानीय निवासियों का दावा है कि खुदाई के दौरान बड़ी मात्रा में पानी निकला था, जिसका वीडियो साक्ष्य आज भी सुरक्षित है। वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद कन्हैया खूंटे को भी इस मामले का प्रत्यक्ष गवाह बताया जा रहा है।मोहल्लावासियों का कहना है कि लगातार एक वर्ष से अधिक समय तक आवेदन और मांग करने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। परिणामस्वरूप दो दो गर्मी के मौसम बीत गए, लेकिन रविदास मोहल्ले की पेयजल समस्या जस की तस बनी हुई है। विवाद तब और गहरा गया जब सुशासन तिहार 2026 में पुनः उसी स्थल पर हैंडपंप स्थापना हेतु आवेदन दिया गया। आरोप है कि सीएमओ द्वारा 2 जून में निराकरण का हवाला देते हुए बोर की गहराई एवं केसिंग जांच की बात कही गई तथा सामग्री उपलब्ध होने अथवा राशि प्राप्त होने पर स्थापना किए जाने का उल्लेख किया गया। सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ ने इस पूरे मामले को समाज के साथ भेदभाव और उपेक्षा का उदाहरण बताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।



### स्वच्छताग्रहियों का सम्मान, हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

**रायगढ़।** पुसौर ब्लॉक के ग्राम कोड़पाली में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में 22 ग्राम पंचायत के बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम बड़ेहरदी की स्वच्छताग्राही महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिला स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को लखपति दीदी के रूप में प्रोत्साहित किया गया। शिविर में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामीणों को पौधों का वितरण किया गया। अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने और बागवानी के माध्यम से आय बढ़ाने के लिए ग्रामीणों को प्रेरित किया। इस अवसर पर पुसौर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# शिकायत पर आबकारी का एक्शन, ताड़ी महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**चंद्रपुर।** सुशासन तिहार 2026 के दौरान प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने आबकारी वृत्त चंद्रपुर डभरा क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है।

अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके कब्जे से ताड़ी, महुआ शराब और महुआ लाहन जब्त किया है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। 9 जून को की गई इस कार्रवाई में पहले थाना चंद्रपुर क्षेत्र के ग्राम राधापुर में दबिश दी गई। सुशासन तिहार में प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी टीम ने कप्पला परमेश पिता चन्दाया, उम्र 34 वर्ष, मूल निवासी जिला नालगोंडा तेलंगाना एवं वर्तमान निवासी राधापुर के मकान की जांच की। तलाशी के दौरान एक थैले में रखी 20 प्लास्टिक पन्नियां बरामद हुईं, जिनमें प्रत्येक में एक एक लीटर छिंद के पेड़ से निकाली गई ताड़ी भरी हुई थी। कुल 20 लीटर ताड़ी जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। इसके बाद आबकारी टीम नगर से लगे ग्राम मेढ़ापाली डभरा थाना में कार्रवाई की। यहां मिलेराम भारद्वाज पिता झाड़ूराम, उम्र 54 वर्ष के मकान में जांच के दौरान आंगन में संचालित एक चढ़ी हुई भट्टी से 20 लीटर महुआ मदिरा बरामद की गई। इसके अलावा 20 प्लास्टिक पन्नियों में भरा लगभग 200 किलोग्राम महुआ लाहन भी जब्त किया गया। अवैध रूप से महुआ शराब के निर्माण और भंडारण के मामले में आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण कायम किया गया।



# एथलेटिक चैंपियनशिप में प्रहलाद ने जीता स्वर्ण पदक

**बिलाईगढ़।** सिंगापुर में 6 से 7 जून को अंतरराष्ट्रीय मास्टर ट्रैक एंड फील्ड एथलेटिक चैंपियनशिप का आयोजन स्पोर्ट्स हब इंटरनेशनल एथलेटिक स्टेडियम सिंगापुर लोरोंग गैलन में आयोजन हुआ।

जिसमें विश्व के 15 से अधिक देशों के खिलाड़ियों ने और छत्तीसगढ़ के 6 खिलाड़ियों ने इस चैंपियनशिप मेंभाग लिया और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से इस चैंपियनशिप में प्रहलाद कैवर्त पिता अंत राम कैवर्त ग्राम करीपाठ भी शामिल हुए और इस चैम्पियनशिप में दो गोल्ड मेडलए एक सिल्वर मेडल और एक ब्रांच मेडल प्राप्त किया। इसमें ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल 400×100 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल लंबी कूद में सिल्वर मेडल और 200 मीटर दौड़ में ब्रांच मेडल प्राप्त किया छत्तीसगढ़ के मास्टर एथलीट संघ के फाउंडर संस्थापक मो.नबी मोहम्मद एवं टीम मैनेजर, कोच गुलाब नंद के मार्गदर्शन में सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय मास्टर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप में भाग लेने का अवसर मिला। यह मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इसके लिए छत्तीसगढ़ एथलेटिक मास्टर एथलीट संघ के संस्थापक एवं कोच मैनेजर को बहुत बहुत आभार।



# उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की कराई गई निःशुल्क सोनोग्राफी, विशेषज्ञों ने दिया स्वास्थ्य परामर्श

**रायगढ़।** जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इस अभियान में गर्भवती महिलाओं की व्यापक स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित मातृत्व संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

शिविरों में गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबिन, रक्तचाप, शुगर, सिकल सेल, मलेरिया, एचआईवी, वजन एवं ऊंचाई सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। साथ ही आयरन एवं कैल्शियम की दवाइयों का वितरण कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अभियान के दौरान पुसौर विकासखंड में 104, खरसिया में 60, तमनार में 53, घरघोड़ा में 94, लैलूंगा में 62, धरमजयगढ़ में 261 तथा लोइंग में 219 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविरों में उपस्थित महिला चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण तथा सुरक्षित प्रसव के संबंध में विस्तृत परामर्श दिया।



# छग के लाल भोजराम को शौर्य चक्र प्रदेश के लिए गर्व का क्षणः ओपी

**रायगढ़।** महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा रक्षा अलंकरण समारोह में असम राइफल्स के जवान, छत्तीसगढ़ निवासी भोजराम साहू को भारत म्यांमार सीमा पर अदम्य साहस, पराक्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने के लिए प्रतिष्ठित शौर्य चक्र से सम्मानित किए जाने पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हृदय से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा भोजराम साहू ने कठिन और दुर्गम सीमा पर देश की सुरक्षा के लिए जो वीरता दिखाई है। वह हर छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व का विषय है। उनकी बहादुरी, निष्ठा और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमारी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का सबसे बड़ा स्त्रोत है। ओपी ने कहा कि यह कहा जाता है वीर भोग्या वसुंधरा भोजराम ने यह सिद्ध कर दिया कि छत्तीसगढ़ की माटी में जन्मा हर बेटा देश सेवा के



# सीएमएचओ ने दिए गर्भवती माताओं की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

वर्तमान जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य चुनौतियों को गंभीरता से लेते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में व्यापक सुधार के लिए विशेष कार्ययोजना लागू की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की समयपूर्व पहचान, प्रथम तिमाही में 100 प्रतिशत पंजीयन, चार गुणवत्तापूर्ण एएनसी जांच तथा समयबद्ध रेफरल व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है।

प्रत्येक गर्भवती महिला की नियमित मॉनिटरिंग, ईडीडी ट्रैकिंग एवं प्रसव पूर्व आवश्यक जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में मातृ मृत्यु के प्रमुख कारणों जैसे उच्च रक्तचापए एनीमिया, प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव एवं संक्रमण की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रक्तचाप जांचए हीमोग्लोबिन परीक्षण, आयरन फोलिक एसिड वितरण तथा उच्च जोखिम मामलों के त्वरित प्रबंधन पर विशेष बल दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मातृ मृत्यु की विस्तृत समीक्षा कर कारणों का विश्लेषण किया जा रहा है तथा प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ सेवाओं की उपलब्धता, एम्बुलेंस नेटवर्क की सुदृढ़ता तथा रेफरल प्रबंधन को भी मजबूत किया जा रहा है। जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया है कि योजनाबद्ध प्रयासों, नियमित निगरानी एवं सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से मातृ मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाते हुए सुरक्षित मातृत्व के लक्ष्य को प्राप्त किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य प्रत्येक गर्भवती महिला को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सतत कमी लाना है।




### टांगी से हमला कर काट दिया कान, आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** उधार दिए गए 10 हजार रुपये वापस मांगना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। पैसे मांगने से नाराज आरोपी ने पहले गाली-गलौज की, फिर टांगी से हमला कर प्रार्थी का दाहिना कान काट दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अकलतरा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोंड निवासी रघुनंदन प्रसाद पाण्डेय ने 8 जून को थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने पिछले वर्ष दीपावली से पूर्व परिचित शनि केंवट को मकान निर्माण के लिए 10 हजार रुपये उधार दिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी रकम वापस नहीं मिलने पर उसने 8 जून की रात करीब 8 बजे गांव में मिले शनि केंवट से अपने पैसे लौटाने की मांग की। बताया गया कि पैसे मांगने पर आरोपी शनि केंवट भड़क गया ।


**शपथपत्र**

मैं प्रवीण कुमार बारीक पिता श्री राम कुमार बारीक उम्र 18 वर्ष ग्राम पोरथ थाना व तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग का निवासी हूं तथा निम्न अनुसार कथन करता हूं। यह कि मेरा वास्तविक नाम प्रवीण कुमार बारीक Pravin Kumar barik है। यह कि मेरे अंकसूची , जन्म प्रमाण पत्र ,जाति एवं निवास प्रमाण पत्र में मेरा नाम प्रवीण कुमार बारीक है एवं मेरे पिता जी का नाम रामकुमार बारीक है। यह कि मेरे 10वीं एवं 12वीं की अनुसूची में मेरा नाम प्रवीण कुमार बारीक Pravin Kumar barik दर्ज है। यह कि मेरा आधार कार्ड में प्रवीण बारीक Praveen barik है। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र में दर्ज मेरा नाम एक ही व्यक्ति है एवं मेरे पिता जी का नाम रामकुमार बारीक है। यह की इस एवज में यह शपथ पत्र श्रीमान जी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
प्रवीण कुमार बारीक
पिता रामकुमार बारीक

**शपथपत्र**

मैं प्रविणा त्रिपाठी पिता श्री लोकेश्वर त्रिपाठी ग्राम पोरथ पो लुकापारा थाना व तहसील सरिया जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़ का निवासी हूं ।तथा निम्न अनुसार कथन करता हूं। 1 यह कि मैं उक्त पते पर निवास करती हूं। 2 यह कि मेरा वास्तविक नाम प्रविणा त्रिपाठी pravina Tripathi है। 3 यह कि मेरे आधार कार्ड प्रविणा त्रिपाठी pravidha Tripathi दर्ज है। जो की असत्य एवं गलत है। 4 यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र, 10वीं एवं 12वीं के अंक सूची में प्रविणा त्रिपाठी pravina Tripathi में दर्ज मेरा नाम सही एवं सत्य है। 5 यह कि उपरोक्त कंडिका 1 से 3 में दर्ज मेरे द्वारा सत्य एवं सही है। यदि गलत पाया जाता है तो यह शपथ पत्र स्वत निरस्त कर दिया जाएगा। जिसका जिम्मेदार में स्वयं रहूंगी।

शपथकर्ता
प्रविणा त्रिपाठी

**न्यायालय तहसीलदार धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
रा प्र.क्र.202605041000046/अ-21/2025-26
ग्राम बाकारूमा प.ह.न. 25

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचना दी जाती है कि आवेदक महेन्द्र सिंह भाटिया पिता हरवंश सिंह भाटिया जाति सिक्ख, निवासी ग्राम चाम्पा तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) के द्वारा न्यायालय कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम बाकारूमा प.ह.न. 25, तहसील धरमजयगढ़ में खसरा नंबर 140/3/क रकबा 0.283 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 140/3/ख रकबा 0.324 हेक्टेयर परिवर्तित भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि कुल खसरा नंबर 02 व कुल रकबा 0.607 हेक्टेयर भूमि में से 0.266 हेक्टेयर तथा उसमें पेट्रोल पम्प स्थित है। पेट्रोल पम्प को अनावेदक क. 01 सक्षम अग्रवाल पिता अमरजीत अग्रवाल के नाम से विधिवत परिवर्तन किया जा चुका है, जिसका अनुबंध निष्पादन भी हो चुका है। आवेदक को धन की आवश्यकता होने पर उक्त वर्णित भूमि कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.607 हे. में से रकबा 0.266 हे. भूमि को क्रेतागण (1) सक्षम अग्रवाल पिता अमरजीत अग्रवाल एवं (2) आयुष गर्ग पिता अशोक अग्रवाल के पास विक्रय किए जाने हेतु सौदा तय किया गया है। अत: उक्त भूमि को प्रस्तावित केतागण के पक्ष में विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त व्यपवर्तित भूमि के अंतरण के संबंध में छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) के प्रावधान लागू होते हैं।

उक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति न्यायालयीन समय में स्वयं अथवा अपने अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के उपरांत कोई भी दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 05/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार धरमजयगढ़**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त